# जापान के सहयोग से उप्र को बनाएंगे ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और नवाचार का केंद्र : योगी

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और जापान के रिश्ते निवेश तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि दीर्घकालिक साझेदारी और विश्वास के जरिये आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। जापान की तकनीकी क्षमता को प्रदेश की युवा शक्ति और प्रतिभा से जोड़ कर उत्तर प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और नवाचार का मजबूत केंद्र भी बनाएंगे। इसके लिए लखनऊ में यामानाशी डेस्क बनाई जाएगी। युवाओं को जापानी भाषा सिखाने के लिए केंद्र स्थापित किये जाएंगे।

शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट में मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान केवल निवेशक नहीं, बल्कि राज्य का सह सृजनकर्ता है। यहां हुए अनुबंध के जरिये प्रोडक्शन को रोजगार में बदलना राज्य सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने जापानी में 'कोनिचिवा मिनासान' कहकर मेहमानों का अभिवादन किया। बोले, फरवरी में जापान में जो संकल्प लिया गया, लखनऊ में वह साकार होते देखा जा रहा है। यह उत्तर प्रदेश और जापान के यामानाशी प्रांत के संबंधों में नई साझेदारी के युग की शुरुआत है।

- यामानाशी की ओर से राज्य में 600 करोड़ रुपये निवेश की घोषणा की गई
- उत्तर प्रदेश में खुलेगी यामानाशी डेस्क, युवाओं को सिखाई जाएगी जापान की भाषा



<<

शुक्रवार को जापानी निवेशकों के साथ वहां के कई छात्र भी आए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सेल्फी लेते हुए जापानी छात्र ● सूचना विभाग

संबंधित सामग्री
>> इनसाइड पेज

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन दिनों में हुई बातचीत में वर्किंग रिलेशनशिप मजबूत करने, उत्तर प्रदेश की नीतियां, व्यावसायिक परिस्थितियों और निवेश के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई। यामानाशी डेस्क स्थापित होगी जो यामानाशी सरकार, वहां के उद्योगों और निवेशकों के साथ समन्वय करेगी। हर 90 दिन में समीक्षा होगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश के लिए कई अनुबंध होने और 600 करोड़ रुपये का फंड घोषित करने के लिए यामानाशी के गवर्नर को धन्यवाद देते हुए कहा कि हेल्थकेयर व मैन्युफैक्चरिंग प्रोफेशनल्स, पालिटेक्निक, नर्सिंग ग्रेजुएट्स और अन्य टेक्निकल कोर्सेज के छात्रों को जापानी भाषा का प्रशिक्षण दिलाएंगे। जापान से बौद्ध सर्किट आने वाले पर्यटकों को विशेष सुविधा मिलेगी। अक्टूबर 2026 में यामानाशी में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल हाइड्रोजन समिट में उत्तर प्रदेश डेलिगेशन भी जाएगा।

**जापान के साथ यूपी ने किए पांच एमओयू >> इनसाइड पेज**